समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# Karnataka SSLC Result 2025: कर्नाटक बोर्ड ने जारी किया 10वीं का रिजल्ट, जाने कैसे चेक कर सकते है नतीजे।

Publisher

Published on 02 May 2025



**कर्नाटक स्कूल एग्जामिनेशन एंड असेसमेंट बोर्ड की तरफ से दसवीं के नतीजे जारी कर दिए है. जिसे छात्र-छात्राएं आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते है.**

कर्नाटक बोर्ड के लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म हो गया है. कर्नाटक स्कूल एग्जामिनेशन एंड असेसमेंट बोर्ड (KSEAB) आज क्लास 10वीं (SSLC) परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं. बोर्ड की तरफ से दोपहर 12:30 बजे से छात्र अपना रिजल्ट ऑनलाइन जारी किया जाएगा. छात्र रिजल्ट karresults.nic.in और kseab.karnataka.gov.in पर देख सकेंगे. इसके लिए छात्रों को अपने रोल नंबर और जन्मतिथि की मदद से लॉगइन करना होगा. एग्जाम में कुल 62.34% स्टूडेंट्स पास हुए हैं.

इस साल की परीक्षा में करीब 9 लाख छात्रों ने लिया हिस्सा

SSLC परीक्षा 2025 का आयोजन 21 मार्च से 4 अप्रैल के बीच राज्य के कुल 2,818 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था. इसमें कुल 8.96 लाख छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 4,61,563 छात्र और 4,34,884 छात्राएं थीं. परीक्षा पेन और पेपर मोड में आयोजित हुई थी, जिसमें गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और तीन भाषाओं के पेपर शामिल थे.

इस बार रिजल्ट के बाद दो बार मिलेगी सुधार परीक्षा की सुविधा

KSEAB ने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस साल एक अहम बदलाव किया है. इस बार बोर्ड ने घोषणा की है कि जो छात्र परीक्षा में असफल होते हैं या अपने अंकों से संतुष्ट नहीं होते, उन्हें ‘परीक्षा 2’ और ‘परीक्षा 3’ के रूप में दो बार दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा.

रिजल्ट चेक करने का तरीका

१. सबसे पहले छात्र आधिकारिक वेबसाइट karresults.nic.in या kseab.karnataka.gov.in पर जाएं.

२. होमपेज पर “SSLC Result 2025” लिंक पर क्लिक करें.

३. रोल नंबर और जन्म तिथि भरकर “Submit” बटन दबाएं.

४. फिर स्क्रीन पर आपका रिजल्ट दिखाई देगा.

५. अब छात्र रिजल्ट को डाउनलोड करें और प्रिंट निकाल लें.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.